प्रकाशनार्थ समाचार

आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारंभ

चरित्रवान युवक राष्ट्र की सबसे बडी आवश्यक्ता

–डॉ योगानन्द शास्त्री, पूर्व अध्यक्ष दिल्ली विधान सभा

नोएडा । शनिवार 6 जून 2015, आज नई दिल्ली केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में ऐमेटी इन्टरनेशनल स्कूल सैक्टर 44 नोएडा में आज विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ हो गया।

शिविर में लगभग 300 युवक भाग ले रहे हैं। शिविर का समापन 14 जून सायं 5 बजे होगा। शिविर में 8 दिन तक युवकों को योगासन, प्राणायाम, नैतिक शिक्षा, पी0टी0, जूडो–कराटे, दण्ड–बैठक, आत्म–रक्षा प्रशिक्षण, नेतृत्वकला, भाषण कला,भारतीय संस्कृति, संध्या–यज्ञ, देश भक्ति की भावना आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 योगानन्द शास्त्री, पूर्व अध्यक्ष दिल्ली विधान सभा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि चरित्रवान युवक राष्ट्र की सबसे बडी आवश्यक्ता है बिना चरित्र व संस्कारों के युवक प्शु के समान है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने भी व्यक्ति के संस्कारों पर बहुत बडा बल दिया है। आर्य समाज का देश की आजादी में व सामाजिक बुराइयों के उन्मोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज फिर राष्ट्र को महर्षि के आदर्शों पर चलने की आवश्यक्ता है तभी भारत पुनः विश्वगुरू बन सकेगा।

सारोह अध्यक्ष श्री आनन्द चौहान, निदेशक ऐमेटी शिक्षण संस्थान ने कहा कि आर्य समाज द्वारा शिविर में जो संस्कार दिये जाते हैं उन्हीं में देश का भविष्य निहित है। महर्षि दयानन्द के हमारे समाज पर बहुत उपकार हैं। अनेक विद्वानों द्वारा समाज को सही शिक्षा दी जा रही है।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्टीय अध्यक्ष डॉ0 अनिल आर्य ने कहा कि परिषद देश भर में युवा पीढी को संस्कारित करने का व्यापक अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश भर में विभिन्न प्रान्तों में 16 युवक व युवतियों के शिविर चल रहे हैं । डॉ0 आर्य ने कहा कि यह चरित्रवान युवा देश की दशा व दिशा को बदलेंगे।

आर्य नेता श्री मायाप्रकाश त्यागी, कोषाध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य उपप्रतिनिधि सभा नई दिल्ली ने ओ3म् ध्वज फहराकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री त्यागी जी ने कहा कि आज देश में पाखण्ड, अन्धविश्वास व गुरूनाम बढ रहा है। इसका सुधार यह आर्य युवा ही करेंगे।

युवा गायक श्री अंकित उपाध्याय ने अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर सर्वश्री अजय चौहान, डॉ0 वी0एस0 चौहान, प्रकाश अस्पताल नोएडा, बहन गायत्री मीना, डॉ0 जयेन्द्र आचार्य, महेन्द्र भाई, प्रवीण आर्य, आदि ने भी अपने विचार रखे।

समारोह का संचालन डॉ0 अनिल आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामकुमार सिंह, यशोवीर आर्य, कै0 अशोक गुलाटी, सुनील गर्ग, श्रद्धानन्द शर्मा, योगेन्द्र शास्त्री, प्रकाशवीर शास्त्री, रविन्द्र मेहता, त्रिलोक उमराव आर्य, हर्ष बवेजा, सौरभ गुप्ता, विश्वनाथ आर्य आदि उपस्थित रहे।

शिविर का भव्य समापन समारोह 14 जून रविवार को होगा। जिसकी अध्यक्षता शिक्षाविद डॉ0 अशोक कुमार चौहान जी करेंगे। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती विमलता जी उपस्थित रहेंगी।

भवदीय

प्रवीण आर्य

राष्ट्रीय महामंत्री

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली

9911404423